भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 251

दिनांक 08.12.2022 को उत्तर दिए जाने के लिए

परिवारों को नि:शुल्क नल जल कनेक्शन

251. श्री विनसेंट एच. पाला:

क्या **जल शक्ति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केंद्र सरकार ने 3.39 लाख ग्रामीण परिवारों को नल-जल कनेक्शन प्रदान करने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए 678.39 करोड़ रुपये आबंटित किए हैं, जबकि केवल लगभग 1.88 लाख (31.94 प्रतिशत) परिवारों को ही नल-जल कनेक्शन मिल सके हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार उक्त लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए कोई उपाय कर रही है;
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;
(घ) सितंबर, 2021 तक पूरा होने वाले नि:शुल्क घरेलू नल कनेक्शन (एफएचटीसी) के लक्ष्य के प्रतिशत का ब्यौरा क्या है और मेघालय में पीएचई विभाग के नल जीवन मिशन (जेजेएम) के तहत, आज की तिथि तक, वास्तव में पूरे किए गए एफएचटीसी का जिले-वार ब्यौरा क्या है;
(ङ) वर्ष 2020-21 और 2021-22 के लिए जल जीवन मिशन (जेजेएम) के लिए केंद्र सरकार द्वारा कितनी निधि स्वीकृत की गई है; और
(च) मेघालय राज्य में इस योजना के कार्यान्वयन की समय-सीमा क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री, जल शक्ति
(श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) से (च): भारत सरकार, राज्य सरकारों के साथ भागीदारी में अगस्त, 2019 से जल जीवन मिशन (जेजेएम) - हर घर जल का कार्यान्वयन कर रही है ताकि 2024 तक नल जल कनेक्शन

के माध्यम से मेघालय के ग्रामीण परिवारों सहित देश के प्रत्येक ग्रामीण परिवार को सुनिश्चित पीने योग्य जल प्रदान किया जा सके।

जल जीवन मिशन की घोषणा के समय, मेघालय राज्य में 4,550 (0.7%) ग्रामीण परिवारों के पास नल जल कनेक्शन होने की सूचना दी गई थी। अब तक, विगत 40 महीनों में 2.68 लाख परिवारों को नल जल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। इस प्रकार, आज की तारीख तक, राज्य में 6.30 लाख ग्रामीण परिवारों में से लगभग 2.73 लाख (43%) परिवारों के पास उनके घरों में नल जल आपूर्ति होने की सूचना दी गई है।

राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा सूचित किए गए अनुसार ग्रामीण परिवारों आदि में नल जल कनेक्शन की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र, जिला और गांव-वार स्थिति पब्लिक डोमेन में है और जेजेएम डैशबोर्ड पर निम्न लिंक पर उपलब्ध है:

https://ejalshakti.gov.in/jjmreport/JJMIndia.aspx

वर्ष 2019-20, 2020-21, 2021-22 और 2022-23 (05.12.2022 तक) में जल जीवन मिशन के तहत आबंटित केन्द्रीय निधि, मेघालय राज्य द्वारा आहरित निधि और सूचित उपयोग निम्नानुसार है:

(राशि करोड़ रुपए में)

वर्ष	केन्द्रीय हिस्सा					राज्य के हिस्से के तहत व्यय
	अथशेष	आबंटन	राज्य द्वारा आहरित निधि	कुल उपलब्ध निधि	संसूचित उपयोग	
2019-20	0.80	86.02	43.01	43.81	26.35	0.77
2020-21	17.46	174.92	184.92	202.48	188.30	20.44
2021-22	14.18	678.39	1,078.39	1,092.57	672.05	76.55
2022-23	420.52	747.76	373.88	794.40	642.59	72.44

स्रोत: जेजेएम, आईएमआईएस

*****